एक नजर में

ईंट-भट्ठे की ट्राली की चपेट में आए दो मासूम भाई, 8 वर्षीय बच्चे की मौत, दूसरा गंभीर घायल



लखीमपुर खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र के ग्राम बाबागंज खानीपुर में शनिवार को ईंट-भट्ठे की ट्रैक्टर-ट्रॉली से हुए हादसे में दो मासूम सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में 8 वर्षीय प्रियांश निषाद पुत्र संतोष निषाद की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका 11 वर्षीय भाई मिथुन निषाद गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में दोनों बच्चों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्रियांश को मृत घोषित कर दिया, जबकि मिथुन का उपचार जारी है। घटना की सूचना पर चौकी प्रभारी नकहा सत्येंद्र कुमार वर्मा अस्पताल पहुंचे और घायल बच्चे को तत्काल उपचार दिलाने में भूमिका निभाई।

एआईजी स्टांप के साथ डीएम बैनामों की जांच करने पहुंचे



लखीमपुर खीरी। बड़े बैनामों में स्टांप शुल्क की चोरी और संपत्तियों के कम मूल्यांकन पर प्रशासन की नजर अब सीधे जमीन तक पहुंच गई है। शनिवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने स्वयं फूलबेहड़ ब्लॉक के ग्राम ओदरहना और महेवागंज पहुंचकर दो बड़े बैनामों की जांच की। मौके पर भूमि की वास्तविक स्थिति और बैनामे में दर्ज विवरण का मिलान कराया तो ओदरहना के एक बैनामे में करीब 1.50 लाख रुपये के स्टांप शुल्क की कमी सामने आई। डीएम ने तत्काल एआईजी स्टांप को स्टांप कमी का वाद दर्ज कर संबंधित पक्षकार से नियमानुसार वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीएम की इस कार्रवाई से स्टांप एवं निबंधन विभाग में हलचल रही। उन्होंने पहले उप निबंधक कार्यालय पहुंचकर अभिलेखों का अवलोकन किया। इसके बाद तहसील लखीमपुर के अंतर्गत ओदरहना और महेवागंज में संबंधित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने भूमि का स्वरूप, क्षेत्रफल, निर्माण की स्थिति, बाजार मूल्य और बैनामे में लगाए गए स्टांप शुल्क का बारीकी से परीक्षण कराया। ग्राम ओदरहना में बड़े बैनामे की जांच के दौरान अभिलेखों में दर्ज संपत्ति के विवरण और वास्तविक स्थिति का मिलान कराया गया। जांच में करीब 1.50 लाख रुपये के स्टांप शुल्क की कमी पाई गई।

जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदर्शन



कुकरा खीरी। ब्लॉक बांकेगंज के कस्बा कुकरा स्थित कंपोजिट विद्यालय की कक्षा आठ की होनहार छात्रा इशरा ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर जिले में क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में आयोजित 200 मीटर बालिका वर्ग की दौड़ में इशरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की। इशरा की इस सफलता से विद्यालय परिवार सहित पूरे कस्बे और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्रा की उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार वर्मा सहित विद्यालय के सभी टीचरों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इशरा की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए लोगों ने छात्रा की मेहनत और लगन की सराहना की। ग्रामीणों एवं शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि इशरा भविष्य में भी इसी तरह सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर क्षेत्र का नाम रोशन करती रहेगी।

नहर में पानी न आने से पलेवा के लिए परेशान किसान

बीघापुर, उन्नाव। शारदा नहर बीघापुर ब्रांच में करीब एक महीने से पानी न आने के कारण रबी की फसल की बुवाई के लिए पलेवा करना किसानों के लिए मुसीबत बन गया है। किसान 100 रुपये प्रति घंटे की दर से ट्यूबवेल और सबमर्सिबल से खेतों की सिंचाई करने को मजबूर हैं। बिजली की कम आपूर्ति के चलते ट्यूबवेल से भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।कुलहा से बारा टेल तक करीब 15 किलोमीटर क्षेत्र में नहर सूखी पड़ी है। इससे कुलहा, महाई, दादामऊ, सैदपुर, बिहारीखेड़ा, अमरपुर, भगवंतखेड़ा, भीखखेड़ा, बीघापुर, नरोत्तमपुर, पाली, नसीरपुर, टेढ़ा, भवानीखेड़ा और बारा सहित कई गांवों के किसान प्रभावित हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेंद्र कुमार द्विवेदी सहित किसानों विष्णु कुमार यादव, रामगोपाल यादव और कंचन सिंह ने बताया कि सिंचाई के लिए अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है।

लोडर की टक्कर से दो की मौत, दो घायल

पुरवा, उन्नाव। दही-मोहनलालगंज मार्ग पर शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार अनियंत्रित लोडर की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद चालक लोडर छोड़कर फरार हो गया।कस्बे के शीतलगंज निवासी तुलसीराम (55) पड़ोसी मोहल्ला दुर्गापुर निवासी अजय कुशवाहा (26) के साथ शुक्रवार रात मौरावां स्थित अपनी ससुराल से बाइक से लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे दुर्गापुर के पास सामने से आ रहे लोडर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद चालक ने लोडर बैक किया, जिसकी चपेट में पीछे से आ रहे अपाचे सवार सेमरीमऊ निवासी सज्जन लोधी और सुरेंद्र लोधी भी आकर घायल हो गए। हादसे में अजय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तुलसीराम को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। अन्य घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। कोतवाल सचिन गुप्ता ने बताया कि लोडर कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश की जा रही है। दोनों मौतों से परिजनों में कोहराम मचा है।

कोई पात्र युवा मतदाता बनने से न रहे वंचित

उन्नाव। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान में किसी भी पात्र युवा का नाम छूटने न पाए। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक किया जाए। यह निर्देश शनिवार को उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग की विशेष कार्य अधिकारी गरिमा स्वरूप ने नवाबगंज स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में संचालित पांच बूथों के निरीक्षण के दौरान दिए।उन्होंने बूथों पर चल रहे पुनरीक्षण कार्य की प्रगति देखी और संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नए मतदाताओं को नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाए, ताकि कोई भी पात्र युवा अपने मताधिकार से वंचित न रहे। गरिमा स्वरूप ने नागरिकों से भी अपील की कि वे परिवार के सभी सदस्यों के नाम मतदाता सूची में जांच लें। किसी पात्र सदस्य का नाम सूची में शामिल न होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर उसे जुड़वाएं।

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री ज्ञानेन्द्र सिंह समर्थकों संग सपा में शामिल



उन्नाव। जिले की राजनीति में शनिवार को हलचल मच गई, जब भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री एवं निवर्तमान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह एडवोकेट ने सैकड़ों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। सपा जिलाध्यक्ष जय चन्द्र विमल और पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने सभी का स्वागत किया।ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि सपा की विचारधारा और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया है। उन्होंने 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प जताते हुए कहा कि बांगरमऊ और सफीपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी जिसे प्रत्याशी बनाएगी, उसका समर्थन करेंगे। जिलाध्यक्ष जय चन्द्र विमल ने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों के जुड़ने से संगठन मजबूत होगा। पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने कहा कि पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर विभिन्न वर्गों के लोग सपा से जुड़ रहे हैं। पूर्व विधायक उदयराज यादव और राधेलाल रावत ने भी नए सदस्यों का स्वागत किया। सपा में शामिल होने वालों में डॉ. जितेंद्र प्रताप सिंह, रितेश कुमार, चंद्रशेखर कुशवाहा, अजय कुमार सिंह, कुलदीप सिंह, सोनू सिंह, मानवेन्द्र तिवारी, रामकृष्ण रावत, शिव कुमार राजपूत और जिला पंचायत सदस्य अंकित मौर्य प्रमुख रहे। इनके साथ सैकड़ों समर्थकों ने भी सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बीबीए की स्थगित परीक्षाओं की नई तिथि घोषित

उन्नाव। सत्र 2026-27 के बीबीए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की स्थगित माइनर परीक्षाओं की नई तिथियां घोषित कर दी गई हैं। अपरिहार्य कारणों से 28 नवंबर को होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी गई थीं।

अब प्रथम सेमेस्टर के बिजनेस स्टेटिस्टिक्स की परीक्षा एक दिसंबर को द्वितीय पाली में सुबह 11:30 से दोपहर एक बजे तक होगी।

वहीं, तृतीय सेमेस्टर के बिजनेस एनवायरनमेंट, बिजनेस एथिक्स एंड गवर्नेंस की परीक्षा दो दिसंबर को दोपहर 2:30 से शाम चार बजे तक आयोजित होगी।

धनुष भंग लीला का मंचन देख भावविभोर हुए दर्शक



बिछिया, उन्नाव। तौरा के 55वें पौराणिक विराट हटिया मेले के दूसरे दिन धनुष भंग लीला का भव्य मंचन किया गया। विख्यात कलाकारों की प्रस्तुति देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटे। पूरी रात दर्शक भक्ति में सराबोर रहे।

मंचन के दौरान राजा जनक के विलाप और वीर विहीन धरती संबंधी वचन सुनकर लक्ष्मण क्रोधित हो उठे। श्रीराम ने उन्हें शांत कराया। इसके बाद गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम ने शिव धनुष का खंडन कर जनक का संताप दूर किया। सीता ने श्रीराम के गले में वरमाला डाली तो पूरा पंडाल सीताराम के जयघोष से गूंज उठा। धनुष टूटने पर परशुराम के क्रोधित होने और लक्ष्मण के साथ तीखी नोकझोंक का दृश्य भी आकर्षण का केंद्र रहा। दोनों के बीच तार्किक संवाद और कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। इस दौरान मुख्य आयोजक योगेंद्र प्रताप सिंह, सतीश कुमार पांडेय, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय सिंह, करुणाशंकर अवस्थी और मुकेश शुक्ला सहित हजारों दर्शक मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने की जनसभा



गोला गोकर्णनाथ खीरी। अपना दल (एस) पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों, शोषितों, वंचितों, किसानों, नौजवानों, छात्रों, व्यापारियों की लड़ाई निरंतर लड़ते हुए सामाजिक न्याय के लिए काम कर रहा है। यह बात नई बाईपास रोड स्थित साईं मैरिज लान में आयोजित अपना दल (एस) के कार्यकर्ता समागम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कही ।उन्होंने मेहनत कस कमेरा समाज को राजनीति, सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त बनाने की बात कही । उद्बोधन कानून का राज स्थापित करने, नारी सशक्तिकरण,आरक्षण व सम्मान पर केंद्रित रहा। उन्होंने कहा के नीट परीक्षा एवं उत्तर प्रदेश के सैनिक स्कूलों में 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने का कार्य पार्टी ने किया है। उन्होंने विपक्षी पार्टी के घोषणा पत्र को कपट पत्र और झूठ का पुलिंदा बताते हुए तंज कसा। उन्होंने कहा कि जिनकी चार- चार बार सरकार रही लेकिन वह एक लाख से अधिक नौकरी नहीं दे पाए, अब पांच साल में 25 लाख नौकरी देने की बात कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल, संविधान निर्माता बाबा साहबभीमराव अंबेडकर, एस काई बोधिसत्व सोनेलाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। महिला कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि को फूल मालाओं से लादकर सम्मान किया है। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आरपी जाटव व संचालन क्षेत्रीय महासचिव महेश चंद्र वर्मा एड एवं राष्ट्रीय महासचिव के के पटेल ने किया।कार्यक्रम को विधानमंडल दल के नेता एवं विधायक रामनिवास वर्मा, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य करुणा शंकर पटेल, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री रेखा वर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह पटेल उर्फ पोनू, व्यापार मंच के प्रदेश अध्यक्ष पुष्कर चौधरी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह एड, प्रदेश अध्यक्ष विधि मंच सुरेंद्र मौर्या ने संबोधित किया।

सुंदरकांड पाठ व श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन

शुक्लागंज, उन्नाव। श्रीराम नाम लेखन महायज्ञ समिति की ओर से रविवार को गायत्री नगर स्थित भातू फर्म के पास हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं श्रीराम नाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संजू सिंह के आवास पर दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा।

गलत बिलिंग पर बिजली विभाग को 20 हजार का हर्जाना

उन्नाव। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने मीटर न लगाने और गलत बिलिंग के मामले में बिजली विभाग को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता कृष्ण देव तिवारी के पक्ष में फैसला सुनाया है। आयोग के अध्यक्ष बलराज सिंह ने विवादित बिल निरस्त कर 20 हजार रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया।

उपभोक्ता ने वर्ष 2013 में कनेक्शन के लिए आवेदन कर शुल्क जमा किया था, लेकिन विभाग ने वर्ष 2021 तक मीटर नहीं लगाया और औसत बिल भेजता रहा। बाद में मीटर लगने के बावजूद 8,959 रुपये का गलत बिल जारी किया गया। आयोग ने मीटर लगने से पहले के सभी औसत बिल निरस्त कर जमा 18,528 रुपये सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 60 दिनों में समायोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही वास्तविक मीटर रीडिंग के आधार पर संशोधित बिल जारी करने को कहा। मानसिक उत्पीड़न के लिए 15 हजार और वाद व्यय के लिए पांच हजार रुपये देने का आदेश दिया गया।

कवि सम्मेलन में रचनाओं से याद किए गए डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन

बीघापुर, उन्नाव। क्षेत्र के झगरपुर गांव में जन्मे हिंदी के प्रसिद्ध कवि, साहित्यकार एवं शिक्षाविद डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन की 24वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार देर शाम कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ कवि प्रदीप की वाणी वंदना से हुआ। कवि एवं संचालक अनुज तिवारी ने प्रेम, समता और सद्भाव का संदेश दिया। रामविलास सिंह श्रामश, कमलेश शुक्ला श्कमलश, गीतकार नरेंद्र आनंद, डॉ. अयोध्या प्रसाद सुमन, प्रदीप शर्मा, मुन्नीलाल साहू, त्रिभुवन सिंह और देवनारायण शुक्ला ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर किया। अध्यक्षीय काव्य पाठ में भभूती प्रसाद सिंह ने सुमन के साहित्यिक योगदान को नमन किया। संजीव तिवारी शिपंटूश् ने बैसवारी अवधी रचना सुनाकर खूब वाहवाही बटोरी। इस अवसर पर समाजसेवी शिक्षक तेज बहादुर सिंह ने कवियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह श्नंदूश् ने वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र आनंद और कवयित्री रेखा पांडे को निराला स्मृति सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में जंग बहादुर सिंह, सुभाष सिंह, अनुराग अवस्थी, संजीव श्रीवास्तव और आशीष बाजपेई सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आभार भारत सिंह परिहार ने व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन



लखीमपुर खीरी। किसी के माथे पर सजा सेहरा तो किसी के हाथों में रची मेहंदी, कहीं वैदिक मंत्रों की गूंज तो कहीं निकाह की रस्में। खुशियों और उल्लास के इस माहौल में शनिवार को 156 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नई जिंदगी का आगाज किया। बेहजम रोड स्थित लोटस वैली मैरिज हॉल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित समारोह में 10 मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी संपन्न हुआ। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए आयोजित इस समारोह में विवाह की खुशियों के साथ सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द की खूबसूरत तस्वीर भी नजर आई। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अध्यक्ष नगर पंचायत मैलानी कीर्ति महेश्वरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह और बीडीओ सदर शिवांकित वर्मा के साथ दीप प्रज्वलित कर किया।

पहले छूटे 156 जोड़ों का भी कराया गया विवाह

कार्यक्रम की संयोजक जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने के साथ सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। जिले में पूर्व में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में किन्हीं कारणों से शामिल नहीं हो सके 156 जोड़ों का विवाह शनिवार को विशेष समारोह आयोजित कर संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि शासन की इस योजना से जरूरतमंद परिवारों को विवाह के अवसर पर आर्थिक सहायता मिलती है और उन्हें सामाजिक सम्मान के साथ अपनी बेटियों का विवाह संपन्न कराने का अवसर प्राप्त होता है।

एक नजर में

विद्युत कार्य के भुगतान को लेकर दो पक्षों में मारपीट लोहे की रॉड से हमला

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में विद्युत कार्य के भुगतान और काम की गुणवत्ता को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लोहे की रॉड से हमला करने और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। नगर पंचायत के शंकर नगर निवासी अशोक मिश्रा ने बताया कि 22 नवंबर की शाम नीरज लोधी और जितेंद्र कुमार ने उनके घर पर बिजली का काम किया था। काम ठीक न होने की शिकायत करने पर आरोप है कि दोनों ने नशे की हालत में लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद जान से मारने और हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी देकर भाग निकले। परिजनों ने उन्हें 100 बेड अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, मदरसा खेड़ा पाली निवासी जितेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि विद्युत कार्य के रुपये मांगने पर गोलू और उनके ससुर अशोक मिश्रा ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। बचाव में आए नीरज को भी पीटा और जातिसूचक गालियां दीं। कोतवाल अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

बदहाल वैकल्पिक रास्तों पर जोखिम भरा सफर कर रहे राहगीर

अजगैन, उन्नाव। अजगैन-मोहान मार्ग पर सेतु निर्माण के चलते मुख्य रास्ता बंद होने से राहगीरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रशासन ने आवागमन के लिए अजगैन बाजार और अजगैन-जगदीशपुर मार्ग को वैकल्पिक रास्ता बनाया है, लेकिन दोनों की हालत बदहाल है। जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से वाहन चालकों को जोखिम उठाकर सफर करना पड़ रहा है। अजगैन-जगदीशपुर मार्ग पर गड्ढों की भरमार है, वहीं अजगैन बाजार मार्ग पर रेलवे फाटक के आसपास बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। ट्रेन गुजरने के दौरान फाटक बंद होने से वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। जाम में फंसे राहगीरों को सड़क किनारे खुली मांस की दुकानों से उठने वाली दुर्गंध भी परेशान करती है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने दोनों वैकल्पिक मार्गों की मरम्मत और जाम से निजात दिलाने की मांग की है। सेतु निगम के सहायक अभियंता आरपी सिंह ने बताया कि पीडब्ल्यूडी ने मार्गों की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया था। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से दोबारा बात की जाएगी।

बच्चों ने गिनाए गांवों के विकास के सुझाव शराब के ठेके हटाने की उठाई मांग



उन्नाव। उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार ने विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता और रचनात्मक सोच परखी। सुपर चौलेंज एवं 60 सेकेंड चौलेंज में सात टीमों के 49 विद्यार्थियों ने सामाजिक मुद्दों पर अपने सुझाव रखे।मुख्यमंत्री से मिलने का मौका मिलने पर बच्चों ने गांवों से शराब के ठेके हटवाने की बात कही। वहीं, एक दिन का जिलाधिकारी बनने पर छात्रा ने गांवों और न्याय पंचायत स्तर पर इंटर कॉलेज खुलवाने, नालियां ढकवाने और सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने को प्राथमिकता बताया। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सुरक्षित गौशालाएं, छुट्टा पशुओं से फसलों की सुरक्षा और उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने के सुझाव भी दिए। बीईओ ने नो बैग डे पर बच्चों के साथ इको-फ्रेंडली क्रिकेट खेला। लर्निंग बाय डूइंग प्रयोगशाला में प्रयोग कराए और स्मार्ट टीवी पर शैक्षिक गतिविधियां देखीं। उन्होंने गणित-अंग्रेजी के सवाल पूछने के साथ पोषण वाटिका का भी निरीक्षण किया। विद्यालय के हरित परिसर, शैक्षिक गुणवत्ता और रचनात्मक गतिविधियों की सराहना करते हुए उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। इस दौरान सहायक अध्यापक प्रदीप वर्मा, इंद्रपाल और शाहे खुबा मौजूद रहे।

दस दिन से लापता युवक का झाड़ियों में मिला शव, मचा कोहराम

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के भदवेरा गांव स्थित ईंट भट्ठे की खंती के पास शनिवार को झाड़ियों में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान होने पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। युवक 10 दिन से लापता था। शव पर कालिख पुती होने की बात भी सामने आई है। पान कुँवर खेड़ा निवासी ठाकुर प्रसाद पाल (36) पुत्र बिंदादीन 18 नवंबर को घर से लापता हो गए थे। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर बिहार थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शनिवार को भदवेरा गांव स्थित ईंट भट्ठे की खंती के पास झाड़ियों में शव पड़ा देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराई और पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एक्सप्रेसवे किनारे खेत में मिला वृद्ध का शव

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर ताजपुर नौबस्ता के सामने खेत में शनिवार को एक वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मृतक के हाथ पर गुदे नाम-पते और मोबाइल नंबर के जरिए उसकी पहचान अजगैन थाना क्षेत्र के मलाव निवासी सुंदरलाल कश्यप के रूप में की। नौबस्ता निवासी आदित्य खेतों की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने गंगागोपाल के खेत में वृद्ध का शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक धीरेंद्र यादव ने जांच के दौरान वृद्ध के दाहिने हाथ पर नाम-पता और मोबाइल नंबर लिखा पाया। संपर्क करने पर परिजनों ने उसकी पहचान की। मृतक के छोटे बेटे सोनू ने बताया कि पिता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह अक्सर घर से कहीं चले जाते थे। इसी वजह से उनके हाथ पर नाम-पता और मोबाइल नंबर गुदवाया गया था। वह चार दिन पहले घर से लापता हो गए थे। फेरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की। इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हिस्से की जमीन को लेकर विधवा को प्रताड़ित करने का आरोप

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला ने अपने देवरों पर जमीन में कम हिस्सा देने और दो नाबालिग बच्चों के साथ प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

पीड़िता के मुताबिक, मंगतखेड़ा गांव स्थित दो गाटा संख्या की भूमि में उसका एक तिहाई हिस्सा है, लेकिन उसके देवरों ने निर्धारित हिस्से से कम जमीन दी है। पति की मौत के बाद से ही उसे परेशान किया जा रहा है। आरोप है कि देवर छत पर जाने के लिए जीना और स्नानघर तक नहीं बनाने देते। कपड़ों से ढके स्नान स्थल पर नहाते समय ताकझांक भी करते हैं। पीड़िता ने बीते 17 अक्टूबर को कोतवाली में शिकायत की थी, लेकिन पुलिस और ग्रामीणों के समझाने के बावजूद आरोपितों के व्यवहार में सुधार नहीं हुआ।

सार्वजनिक नाली बंद करने के विवाद में महिला से मारपीट, कुल्हाड़ी से हमला

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के सीताराम खेड़ा भैंसई कोयल गांव में सार्वजनिक नाली बंद करने के विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता रेनू यादव पत्नी अनिल यादव ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है रेनू के मुताबिक, गांव के ओमप्रकाश पुत्र राजपाल सार्वजनिक नाली में मिट्टी और कूड़ा डालकर पानी का निकास बंद कर देते हैं। इससे उषा, नीलू, रामश्री और सुरेश सहित कई लोगों के घरों के सामने पानी भर जाता है। विरोध करने पर ओमप्रकाश और सोनू गाली-गलौज व मारपीट करते हैं। आरोप है कि 28 नवंबर की सुबह करीब आठ बजे ओमप्रकाश और सोनू कुल्हाड़ी लेकर उनके घर में घुस आए और मारपीट की। कुल्हाड़ी की चोट से उनके सिर में गंभीर चोट आई है। कोतवाल अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है।